Request for setting up a Sports Stadium in Kaisarganj Parliamentary Constituency

श्री करण भूषण सिंह (कैसरगंज) : सभापति महोदया, मैं सबसे पहले आपको धन्यवाद देना चाहूँ गा कि आपने मुझे पहली बार आज जीरो ऑवर में कैसरगंज लोक सभा क्षेत्र के लोगों के लिए आवाज उठाने का मौका दिया ।

महोदया, मैं आपका ध्यान ग्रामीण क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं और उनकी खेल तैयारियों में होने वाली समस्याओं की तरफ आकर्षित करना चाहता हूँ । महोदया, मैं खुद शूटिंग का नेशनल खिलाड़ी हूँ और कुश्ती जैसे खेल से बड़े लम्बे समय से जुड़ा हुआ हूँ । इसलिए ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों की दैनिक परेशानियों से भली-भांति परिचित हूँ । इसलिए खिलाड़ियों की मांग को माननीय प्रधान मंत्री जी और माननीय खेल मंत्री जी तक पहुंचाने का मेरा प्रयास है ।

महोदया, मैं आपको अवगत कराना चाहता हूँ कि मेरे क्षेत्र में छात्र-छात्राएं खिलाड़ी बनने के साथ-साथ पुलिस और फौज में भर्ती होने के लिए प्रयास करते हैं । युवा और विद्यार्थी अपने इस संकल्प को पूर्ण करने के लिए प्रतिदिन सड़कों पर दौड़ लगाते हैं, जिसके कारण दुर्घटनाएं घटती हैं और युवाओं की असमय मृत्यु होती है ।

आज हमारे देश के गौरवशाली लोकतंत्र के मंदिर संसद भवन से मैं मांग उठाता हूँ कि मेरे कैसरगंज संसदीय क्षेत्र में खेल की गतिविधियों को संचालित करने के लिए एक उत्कृष्ट स्टेडियम उपलब्ध कराया जाये । धन्यवाद ।